# Govt. National College, Sirsa
## राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा
Affiliated to C.D.L.U,Sirsa
Hisar Road, Opp.Bus Stand, Sirsa
Email: gnc@gncsirsa.com , Website: gncsirsa.edu.in, gncsirsa.com


### सूचना

Memo No – 2316

दिनांक : 07.08.2026

**विषय: स्नातक प्रथम वर्ष (UG-1) में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु फिजिकल काउंसलिंग (शैक्षणिक सत्र 2026–27)।**

उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा जारी **संशोधित प्रवेश कार्यक्रम** के अनुसार स्नातक प्रथम वर्ष (UG-1) की **रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु फिजिकल काउंसलिंग** राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा में निम्नानुसार आयोजित की जाएगी।

**प्रवेश कार्यक्रम**

- **08.08.2026:** केवल उन अभ्यर्थियों के लिए फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण (Registration) किया हुआ है, परंतु पूर्व काउंसलिंग चरणों में प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके।
- **09.08.2026:** ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पुनः खोला जाएगा, जिसमें:
  - नए अभ्यर्थी **Fresh Registration** कर सकेंगे।
  - पूर्व में पंजीकृत अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में **Editing** कर सकेंगे।
- **10.08.2026 से प्रतिदिन** फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें:
  - पूर्व में पंजीकृत अभ्यर्थी, तथा
  - नए पंजीकृत अभ्यर्थी
- रिक्त सीटों की उपलब्धता एवं उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के दिशा-निर्देशों के अनुसार भाग ले सकेंगे।

**फिजिकल काउंसलिंग रिक्त सीटों के भरने अथवा उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा आगामी आदेश जारी होने तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी।**

**फिजिकल काउंसलिंग का स्थान**

| **संकाय** | **स्थान** |
|---|---|
| **विज्ञान संकाय** | **कक्ष संख्या-41** |
| **कला संकाय** | **कॉन्फ्रेंस हॉल** |
| **वाणिज्य संकाय** | **कक्ष संख्या-206** |

**प्रतिदिन काउंसलिंग का समय**

| **कार्य** | **समय** |
|---|---|
| उपस्थिति एवं दस्तावेज़ सत्यापन | **प्रातः 10:00 बजे से 1:30 बजे तक** |
| मेरिट सूची तैयार करना | **1:30 बजे से 3:00 बजे तक** |
| मेरिट सूची का प्रदर्शन | **दोपहर 3:00 बजे** |
| ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करना (उसी दिन) | **दोपहर 4:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक** |

# Govt. National College, Sirsa
# राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा
Affiliated to C.D.L.U,Sirsa
Hisar Road, Opp.Bus Stand, Sirsa
Email: gnc@gncsirsa.com , Website: gncsirsa.edu.in, gncsirsa.com

## आवश्यक दस्तावेज़

सभी अभ्यर्थी निम्नलिखित **मूल (Original) दस्तावेज़** तथा प्रत्येक की **एक स्व-प्रमाणित (Self-Attested) छायाप्रति** अपने साथ अवश्य लाएँ:

- ☑ 10वीं की अंकतालिका (DMC)
- ☑ 12वीं की अंकतालिका (DMC) अथवा डिप्लोमा प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
- ☑ चरित्र प्रमाण-पत्र (Character Certificate) (फोटो कॉपी)
- ☑ आधार कार्ड
- ☑ परिवार पहचान पत्र (Family ID / PPP)
- ☑ हरियाणा निवासी प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
- ☑ आरक्षण प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
- ☑ आय प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
- ☑ वेटेज (Weightage) हेतु दावा किए गए किसी भी प्रमाण-पत्र की मूल प्रति एवं स्व-प्रमाणित छायाप्रति (यदि लागू हो)

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. सभी अभ्यर्थियों को **प्रातः 10:00 बजे से 1:30 बजे** के बीच उपस्थिति दर्ज करवाकर अपने दस्तावेज़ों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। **1:30 बजे के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को उस दिन की काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा।**
2. प्रवेश **मेरिट, रिक्त सीटों की उपलब्धता एवं उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के दिशा-निर्देशों** के अनुसार ही दिया जाएगा।
3. पात्र अभ्यर्थियों की **मेरिट सूची दोपहर 3:00 बजे** प्रदर्शित की जाएगी।
4. जिन अभ्यर्थियों का नाम मेरिट सूची में होगा, उन्हें **उसी दिन दोपहर 4:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक** अपना **ऑनलाइन प्रवेश शुल्क** जमा करना अनिवार्य होगा।
5. **अगले दिन शुल्क जमा करने का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।** निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा न करने पर आवंटित सीट स्वतः निरस्त (Cancelled) कर दी जाएगी तथा वह सीट अगले पात्र अभ्यर्थी को आवंटित कर दी जाएगी।
6. ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात अभ्यर्थियों को अगले दिन दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे के बीच महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार (Multipurpose Hall) में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर निम्नलिखित दस्तावेज़ जमा करवाने होंगे:
    - प्रवेश आवेदन पत्र (Admission Application Form) के साथ ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करने का प्रमाण (Fee Payment Proof)।
    - मूल चरित्र प्रमाण-पत्र (Original Character Certificate) के साथ 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका (DMC) की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियाँ।

# Govt. National College, Sirsa
## राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा

Affiliated to C.D.L.U,Sirsa
Hisar Road, Opp.Bus Stand, Sirsa
Email: gnc@gncsirsa.com , Website: gncsirsa.edu.in, gncsirsa.com

- मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate) (यदि लागू हो) के साथ 12वीं की अंकतालिका (DMC) की स्व-प्रमाणित छायाप्रति।
- MIC/MDC/SEC/AEC विषयों का आवंटन।

7. अभ्यर्थियों को प्रवेश संबंधी नवीनतम जानकारी के लिए महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.gncsirsa.edu.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहने की सलाह दी जाती है।
8. प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित त्वरित सूचना, मेरिट सूची एवं अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए महाविद्यालय के **आधिकारिक GNC Sirsa WhatsApp Channel** से अवश्य जुड़ें

**GNC Sirsa Notices**
WhatsApp channel

▮ **GNC Sirsa Official WhatsApp Channel से जुड़ें**

**नीचे दिए गए QR Code को स्कैन करें और महाविद्यालय के आधिकारिक WhatsApp Channel को Follow करें।**

Principal
Govt. National College
Sirsa

**प्राचार्य**
**राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा**